Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में रेल्वे का सीनियर इंजिनियर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *11 नवम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सिरोही इकाई द्वारा आज गुरूवार को जोधपुर में कार्यवाही करते हुये संजय मीणा सीनियर सैक्शन इंजिनियर, इलेक्ट्रिकल (त्न) रेल्वे विभाग, जोधपुर हाल पदस्थापन कार्यालय उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, इलेक्ट्रीफिकेशन, जोधपुर को परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की सिरोही इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म द्वारा किये गये कार्य को बिना किसी रूकावट व परेशानी के सुचारू रूप से करने देने की एवज में संजय मीणा सीनियर सैक्शन इंजिनियर, इलेक्ट्रिकल (RE) रेल्वे विभाग, जोधपुर हाल पदस्थापन कार्यालय उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, इलेक्ट्रीफिकेशन, जोधपुर 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी सिरोही इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नारायण सिंह राजपुरोहित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप जोधपुर में कार्यवाही करते हुये संजय मीणा पुत्र श्री राजूलाल मीणा निवासी म.नं. A/90, राजीव गांधीनगर, जगतपुरा, जयपुर हाल सीनियर सैक्शन इंजिनियर, इलेक्ट्रिकल (RE) रेल्वे विभाग, जोधपुर हाल पदस्थापन कार्यालय उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, इलेक्ट्रीफिकेशन, जोधपुर को परिवादी से **50 हजार रुपये की रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।